## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजकोट में बिल्डरों के ठिकानों पर आईटी के छापे, गुजरात के व्यापारियों में हड़कंप

राजकोट (आरएनएस)। गुजरात के राजकोट में बिल्डरों के ठिकानों पर आयकर विभाग (आईटी) के ताबड़तोड़ छापे चल रहे हैं। खबर है कि राजकोट के 44 बिल्डरों एवं फाइनेंसरों के ठिकानों पर आज आईटी विभाग ने छापे मारे हैं। अभी तक पूरी खबर सार्वजनिक नहीं की गयी है लेकिन स्थानीय सूत्रों से मिली खबर में बताया गया है कि ये छापेमारी आयकर में अनियमितता को लेकर मारा जा रहा है। जानकारों की मानें तो इस छापेमारी के दौरान कई अहम मामले सामने आए हैं। चूंकि छापेमारी अभी चल रही है इसलिए संबंधित मामले में कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। विभागीय एक अधिकारी का कहना है कि आज आई कई ठिकानों पर छापेमारी की जा सकती है। कुछ अहम सुराग भी मिले हैं जिसे छापेमारी की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सार्वजनिक की जाएगी। छापेमारी के कारण गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, बड़ोदरा और भावनगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

### रुपे और भीम ऐप से पेमेंट में जीएसटी पर 20 प्रतिशत कैशबैक!

नई दिल्ली (आरएनएस)। रुपे कार्ड्स और भीम ऐप से क्यूआर कोड्स के जरिए किए गए पेमेंट के मामले में लोगों को जीएसटी पर प्रस्तावित 20 प्रतिशत कैशबैक मिल सकता है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि सरकार चाहती है कि जीएसटी रेट और उसके मुताबिक कैशबैक सहित ट्रांजैक्शन की पूरी डिटेल हासिल हो।

### तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी, पेट्रोल 14 और डीजल 12 पैसे तक महंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों से आम आदमी को कोई भी राहत मिलती नहीं नजर आ रही है। गुरुवार को भी तेल के दाम में वृद्धि जारी रही। दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम में 14 पैसे और डीजल के दाम में 12 पैसे की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस वृद्धि के बाद यहां पेट्रोल की कीमत 83 रुपये प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गई, वहीं डीजल 74.24 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। मुंबई की अगर बात करें तो मुंबई में पेट्रोल के दाम 13 पैसे और डीजल के दाम 12 पैसे बढ़ गए हैं। आज मुंबई में पेट्रोल 90.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल 78.82 प्रति लीटर बिक रहा है। इसे पहले बुधवार को पेट्रोल दिल्ली में 82.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 74.12 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था, जबकि मुंबई में पेट्रोल 90.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 78.69 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। उधर बुधवार को पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत के बारे में कहा कि टैक्स घटाने से भी लंबे वक्त के लिए राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि इंटरनैशनल मार्केट में क्रूड ऑइल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव जारी है।

## कैबिनेट के फैसले: गन्ना, रेल समेत बड़ी घोषणाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में गन्ना, रेल, होटल समेत कई अहम फैसले लिए गए हैं। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंत्रिपरिषद के फैसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश में अतिरिक्त शुगर प्रॉडक्शन को देखते हुए कैबिनेट ने एक विस्तृत पॉलिसी को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले और इस साल में गन्ने की पैदावार काफी अधिक रही है, जिसके लिए यह काफी अहम होगा।विधानसभा चुनावों से पहले इन घोषणाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### चीनी उद्योग को विशेष पैकेज

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पॉलिसी के तहत शुगर मिलों को ट्रांसपोर्ट, हैंडलिंग आदि के खर्चे के लिए, खासतौर से निर्यात में विशेष मदद दी जाएगी।इसके साथ ही शुगर इंडस्ट्री को 5,500 करोड़ रुपये का पैकेज दिए जाने की घोषणा की गई है।

### पटना में नया डमेस्टिक टर्मिनल

पटना एयरपोर्ट पर नया डमेस्टिक टर्मिनल बनाने को मंजूरी दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि इसकी अनुमानित लागत 1216.90 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने आगे बताया कि कुछ ऐसे होटेल्स थे, जो बनते-बनते रुक गए थे। पटना का पाटलिपुत्र अशोक होटेल और गुलमर्ग का अधूरा होटेल इन दोनों को अब राज्य सरकारों को वापस कर दिया जाएगा।

### जीएसटीइन अब सरकारी कंपनी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) को 100 प्रतिशत सरकारी कंपनी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जेटली ने कहा कि जीएसटीइन यूपीए सरकार के कार्यकाल में बनी थी। उस समय 49 फीसदी सरकार और 51 फीसदी वित्तीय संस्थानों की शेयरहोल्डिंग थी। इन कंपनियों का कैरेक्टर प्राइवेट था जबकि 49 फीसदी में आधा-आधा केंद्र और राज्य सरकारों का था। अब ये 100 फीसदी 'सरकारी कंपनी बन जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में रेल लाइन का ऐलान

छत्तीसगढ़ में कथगौरा से लेकर दोनगढ़ तक रेल लाइन की घोषणा की गई है। राज्य सरकार और रेलवे के बीच इस तरह का पहला जॉइंट वेंचर होगा। 294 किमी लंबी लाइन पर 5,950 करोड़ रुपये लागत आएगी।

### राजस्थान और पंजाब के लिए

सरहिंद फीडर कैनाल और राजस्थान फीडर कैनाल की रीलाइनिंग के लिए 825 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद की घोषणा की गई है।

### एमसीआई पर ऑर्डिनेंस को मंजूरी

कैबिनेट ने मेडिकल काउंसिल ऐक्ट में संशोधन के लिए ऑर्डिनेंस को मंजूरी दे दी है। इस पर राष्ट्रपति ने अपनी मुहर भी लगा दी है। जेटली ने बताया कि अध्यादेश के तहत विशेषज्ञों की एक समिति मेडिकल काउंसिल को चलाएगी।

### नई दूरसंचार नीति

मंत्रिमंडल ने नई दूरसंचार नीति को मंजूरी दी है। दूरसंचार क्षेत्र में 2022 तक 100 अरब डॉलर का नया निवेश होने और 40 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद जताई गई है।

कैबिनेट ने नई नैशनल डिजिटल कम्युनिकेशंस पॉलिसी-2018 और टेलिकॉम कमिशन को दोबारा डिजिटल कम्युनिकेशंस कमिशन बनाने की मंजूरी दी है।

## सरकारी बैंकों के लाखों कर्मचारियों की कमाई पर पड़ने वाला है असर, चिट्ठी से मचा हड़कंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकारी बैंकों के बाबुओं की जेब हल्की होने की तैयारी हो चुकी है और जल्द ही इसको अमलीजामा पहनाया जाएगा। सरकार ने क्रॉस सेलिंग प्रॉडक्ट्स पर बैंक के कर्मचारियों को मिलने वाली कमीशन बंद करने का प्रारूप तैयार किया है। प्रारूप में सरकार का कहना है कि ये कर्मचारी तो फुल टाइम कर्मचारी के रूप वेतन लेते हैं इसलिए इन्हें कमीशन देने का कोई औचित्य नहीं है।

सरकार ने सभी बैंकों के चीफ को पत्र भेज दिया है और पत्र में लिखा है कि सरकार इस कमीशन को बैंक के खाते में डालना चाहती है ताकि बैंक की इनकम बढ़े। क्रॉस सेलिंग प्रोडक्ट्स में इंश्योरेंस और म्युचुअल फंड जैसे प्रोडक्ट शामिल होते हैं जिसे सरकारी बैंक के बाबु इन दिनों धड़ल्ले से बेच रहे हैं। इसके लिए उन्हें टारगेट भी दिया जाता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसा देखा गया है कि कई बार क्रॉस सेलिंग प्रोडक्ट के टारगेट को पूरा करने के लिए बैंककर्मी अपने मूल काम को इगनोर करते हैं। बैंक यूनियन की तरफ से क्रास सेलिंग प्रोडक्ट्स को लेकर कई बार सरकार से शिकायत की जा चुकी है। यूनियन का कहना है कि बैंक बाबुओं को लोन देने और लोन की रिकवरी जैसे काम पर फोकस करना चाहिए, लेकिन वे अपना फोकस क्रास सेलिंग प्रोडक्ट्स पर रखते हैं। इस चिट्ठी का जैसे ही बैंक अफसरों को पता चला उनमें हड़कंप मच गया है।

## फ्लिपकार्ट ने इजरायल की अपस्ट्रीम कॉमर्स का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट ने इजरायल की अपस्ट्रीम कॉमर्स का अधिग्रहण किया है। इस सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया है। वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि इससे उसकी चयन और मूल्य क्षमता मजबूत होगी।फ्लिपकार्ट भारतीय बाजार में अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी ऐमजॉन के साथ अग्रणी स्थिति हासिल करने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है। बयान में कहा गया है कि अपस्ट्रीम कॉमर्स के अधिग्रहण से क्लाउड आधारित आटोमेटेड प्रतिस्पर्धी मूल्य और उत्पाद विश्लेषण समाधान मिल सकेगा। यह सौदा पूरा होने के बाद अपस्ट्रीम कॉमर्स की टीम इजरायल के बाहर काम करते हुए फ्लिपकार्ट का हिस्सा बन जाएगी। फ्लिपकार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, अपस्ट्रीम के अधिग्रहण के साथ हमारे पास एशिया, अमेरिका और इजरायल के साथ दुनिया के कुछ प्रमुख नवोन्मेषण हब में प्रौद्योगिकी और प्रतिभा उपलब्ध होगी।

## हीरो मोटोकार्प के दोपहिया वाहन की कीमतों में हुई बढ़ोतरी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकार्प ने 03 अक्टूबर से अपने सभी वाहनों की कीमतों में 900 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि लागत बढ़ने और भारतीय मुद्रा में डॉलर की तुलना में हुयी गिरावट के मद्देनजर कीमतों में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

वाहनों की कीमतों के एक्स शो रूम मूल्य में यह बढ़ोतरी की जायेगी। वाहनों की कीमतों में 900 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी।

## मोदी मंत्रिमंडल ने दी नई दूरसंचार नीति को मंजूरी, भारत में खुला 5जी का रास्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज यानी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई फैसले लिए। मसलन इन्हीं फैसलों में से भारत में 5जी के भी रास्ते खुले हैं। लिहाजा आज के मंत्रिमंडलीय बैठक ने नयी दूरसंचार नीति को मंजूरी दे दी। मसौदे में कर्ज के बोझ से दबे दूरसंचार क्षेत्र में नयी जान फूंकने के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क आदि को तर्कसंगत बनाने का प्रस्ताव किया गया है। इस नयी नीति को राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी), 2018 का नाम दिया गया है। इसके तहत 2022 तक क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने और 40 लाख रोजगार के अवसरों के सृजन का लक्ष्य है। मसौदे में कर्ज के बोझ से दबे दूरसंचार क्षेत्र में नयी जान फूंकने के लिए स्पेक्ट्रम शुल्क आदि को तकज्संगत बनाने का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित नयी दूरसंचार नीति में सभी को 50 मेगाबिट प्रति सेकेंड की गति वाले ब्रॉडबैंड की पहुंच उपलब्ध कराने, 5जी सेवाओं तथा 2022 तक 40 लाख नए रोजगार के अवसरों के सृजन का प्रावधान है। इसमें डिजिटल संचार तक सतत और कम मूल्य में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्पेक्ट्रम के महत्तम मूल्य के प्रावधान को शामिल किया गया है। स्पेक्ट्रम का ऊंचा मूल्य तथा अन्य संबंधित शुल्क दूरसंचार सेवा क्षेत्र की प्रमुख चिंता है। इस क्षेत्र पर करीब 7.8 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ है।

## अमरीश पुरी के पोते का बॉलिवुड डेब्यू, पागल होगी पहली फिल्म

बॉलिवुड के दिग्गज अभिनेता रहे अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी भी फिल्मी दुनिया में पैर रखने जा रहे हैं। वह फिल्म पागल से बॉलिवुड में डेब्यू करेंगे, जो साल 2019 में रिलीज होगी। हाल ही में वर्धन ने अपनी डेब्यू फिल्म और दादा अमरीश के बारे में बात की।



वर्धन शुरू से ही ऐक्टर बनना चाहते थे। फिल्मी दुनिया में एंट्री करने पर उन्होंने बात करते हुए कहा, मैं जब पांच साल का था तभी से ऐक्टर और घर का एंटरटेनर कहलाता था। अपने खाली समय में मैं दादा जी की विग और जूते पहनकर पूरे घर में घूमता था और उनके डायलॉग बोलता रहता था। उस समय मेरे परिवार को एहसास हुआ कि मैं ऐक्टर बन सकता हूं। मेरी बहन सांची, उसकी दोस्त और हमारे घर में काम करने वाले लोग मेरे दर्शक हुआ करते थे। डेब्यू की बात करें तो मैं पहले इतिहास से जुड़ी कोई फिल्म करना चाहता था, लेकिन बाद में मैंने पागल की स्टोरी पढ़ी और मुझे उससे प्यार हो गया।


वर्धन थिएटर आर्टिस्ट भी रहे हैं। साथ ही में उन्होंने कई फिल्मों के लिए असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें ऐक्टर्स के करीब रहने का मौका मिला, जिनसे उन्होंने काफी कुछ सीखा। हालांकि, डेब्यू फिल्म के लिए उन्हें और तैयारी करनी पड़ी। वर्धन ने बताया कि, डेब्यू फिल्म में अपने किरदार की तैयारी के लिए मैं अपने दोस्तों से करीब 18 महीने दूर रहा और खुद को रोल के लिए तैयार किया।

दादा अमरीश पुरी का वर्धन के जीवन पर काफी प्रभाव रहा है। उन्होंने कहा मुझे लगता है मेरे दादा जी सबसे ईमानदार और प्रभावी ऐक्टर थे। फिल्म इंडस्ट्री में उनका कॉन्ट्रिब्यूशन अनमोल है। मैं उनकी बहुमुखी प्रतिभा और अनुशासन व परिश्रम की भावना से प्रेरित हूं।

मैंने उनसे सीखा कि आप असल जिंदगी में जितने वास्तविक होंगे फिल्म के लिए आप उतने ही अच्छे ऐक्टर बन सकेंगे।

## अक्षय के बाद अर्जुन कहेंगे सिंह इज किंग!

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर सुपरहिट फिल्म सिंह इज किंग के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों विपुल शाह की फिल्म नमस्ते इंग्लैंड में काम कर रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2007 में प्रदर्शित अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म नमस्ते लंदन की सीक्वल है। नमस्ते इंग्लैंड 19 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म का सीक्वल विपुल शाह, अक्षय के साथ ही बनाना चाहते थे लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने फिल्म के लिए अर्जुन को कास्ट कर लिया।



बताया जा रहा है कि अर्जुन के साथ विपुल की अच्छी ट्यूनिंग हो गई है। अर्जुन के काम से विपुल खुश भी हैं और इसी वजह से वे अर्जुन के साथ अपनी दूसरी फिल्म करने जा रहे हैं। चर्चा है कि विपुल अपनी सुपरहिट फिल्म सिंह इज़ किंग का भी सीक्वल बनाने जा रहे हैं।

विपुल ने स्टोरी आइडिया अर्जुन को बताया है जो उन्हें पसंद आया। सिंह इज किंग में भी अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी थी। यदि सिंह इज किंग के सीक्वल में भी अर्जुन कपूर काम करते हैं तो यह दूसरी सीक्वल फिल्म होगी जिसमें अक्षय की जगह अर्जुन को कास्ट किया जायेगा।

## स्टार से ज्यादा नखरे तो उनके मैनेजर के होते हैं: एकता कपूर

बॉलिवुड निर्माता एकता कपूर ने मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉलिवुड के बड़े-बड़े सितारों के मैनेजर्स को आड़े हाथ लिया। जब एकता से पूछा गया कि छोटे परदे में कामयाबी पाने के बाद फिल्मों की दुनिया में आना कितना मुश्किल और चैलेंजिंग था? जवाब में एकता ने बॉलिवुड के बड़े स्टार्स के साथ काम करने के दौरान अपने बुरे अनुभव को साझा किया।



हालांकि एकता ने यहां पर किसी सितारे का नाम नहीं लिया, लेकिन यह जरूर बता दिया कि खर्चे के मामले में स्टार्स से ज्यादा खर्चा और नखरा तो उनके मैनेजर्स की टीम का होता है।

एकता ने कहा, छोटे परदे के बाद जब मैंने फिल्म निर्माण में कदम रखा तो मेरे लिए यह समझना मुश्किल हो गया था कि अब यहां मेरा निर्णय नहीं चलेगा। यहां एक डायरेक्टर, लाइन प्रॉड्यूसर सहित और भी लोग होंगे, जो निर्णय लेंगे। उसके बाद बड़े ऐक्टर आएंगे जो आपकी बनी-बनाई कहानी या स्क्रिप्ट में फेर-बदल करेंगे, इसलिए मैंने छोटी फिल्मों का निर्माण पहले किया।

एकता बताती हैं, मेरी पहली बड़ी फिल्म थी अजय देवगन स्टारर वंस अपॉन ए मुंबई। इस फिल्म का निर्माण बड़े आराम से हो गया था। अजय देवगन और फिल्म के निर्देशक मिलन लुथरिया एक दूसरे को पहले से जानते थे। ज्यादातर मैंने उन्हीं स्टार्स के साथ काम किया जो मेरे साथ खुद भी काम करना चाहते थे, मेरे काम का सम्मान भी कर रहे थे और ज्यादा रोक-टोक नहीं करते थे। मैं बड़े स्टार्स से इसलिए भी दूर रही क्योंकि मुझे लगता था मैं उनको संभाल नहीं पाऊंगी।

अपने बुरे अनुभव का एक वाकया बिना किसी का नाम लिए बताते हुए एकता ने कहा, आप जब किसी बड़े स्टार्स के साथ काम करते हैं तो स्टार्स से ज्यादा उनके मैनेजर्स से निपटना मुश्किल होता है।

मैनेजर्स के कारण एक बड़े स्टार्स के पीछे पांच सितारा होटल में करीब 12 रूम बुक होते हैं। हम लोग, जो टीवी की दुनिया से आए हैं और एक रूम में 12 लोगों की जगह बनाते हैं, इन 12 लोगों में खुद भी होते हो, अचानक इस तरह का बजट बढ़ना, बहुत बड़ा शॉक होता है। वैसे बॉलिवुड में यह शिकायत बेहद आम हो गई है।

## मेरी जीवनी मेरे तीसरे बच्चे जैसी : लीजा रे



भारतीय-कनाडाई अभिनेत्री लीजा रे का कहना है कि अपनी जिंदगी को एक जीवनी में लिखना उन्हें हजारों अनुभवों और जिंदगी की भावनाओं में ले गया। लीजा की पुस्तक 2019 की गर्मियों में रिलीज की जाएगी। लीजा हार्परकॉलिन्स इंडिया के साथ मिलकर पुस्तक का प्रकाशन करेंगी।

लीजा ने हाल ही में सरोगेसी के माध्यम से जुड़वा बच्चों की मां बनने की खबरों से सभी को चौंका दिया था। लीजा ने एक बयान में कहा, अपनी जीवनी के प्रकाशन को लेकर मैं बेचैन और उत्साहित दोनों हूं। अपनी कहानी लिखते वक्त मैं हजारों अनुभवों से गुजरी।

उन्होंने कहा, मैं काफी समय से इस पर कार्य कर रही थी, अपने जुड़वा बच्चों के जन्म के बाद यह मेरे तीसरे बच्चे जैसा है। बिना किसी मजबूत समर्थन के प्रामाणिक रूप से अपनी कहानी सुनाना काफी मुश्किल होता है। मुझे आशा है कि मेरे द्वारा साझा की जाने वाली कई कहानियों में से यह पहली होगी।

## नोरा फतेही गायन के क्षेत्र में कदम रख रहीं



अभिनेत्री नोरा फतेही गायन के क्षेत्र में कदम रखने जा रही हैं। उन्होंने गीत दिलबर का आधिकारिक अरबी रूपांतर तैयार करने के लिए मोरक्को के संगीत समूह फनेयर के साथ काम करेंगी।

नोरा ने एक बयान में कहा, यह मोरक्को और भारत दोनों के लिए एक बड़ा सौदा है क्योंकि यह पहली बार है जब हम भारतीय संस्कृति और मोरकन संस्कृति को कलात्मक और संगीत के साथ मिलकर पेश करेंगे और इन्हें साथ लाना मेरा मेरा लक्ष्य भी रहा है।

उन्होंने कहा, इस गीत के साथ मैं गायिकी में शुरुआत कर रही हूं और फनेयर इसमें मेरे साथ रैपिंग करेगा। मैं गीत का निर्माण भी कर रही हूं और टी-सीरीज इसे अपने चैनल पर लॉन्च करेगा। हमने गाने के महत्वपूर्ण हिस्सों को बनाए रखा है और प्रशंसक इसका आनंद लेंगे। मैं दिलबर को अफ्रीका और मध्य पूर्व ले जाना चाहती थी क्योंकि यह मेरे लिए खुद को लॉन्च करने का भी एक सही तरीका था। यह गीत अक्टूबर में रिलीज होगा।

फिल्म सत्यमेव जयते का दिलबर वर्ष 1999 के दिलबर का नया संस्करण था।